उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 का अन्तिम चयन परिणाम

———

संख्याः–पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02/2025 दिनांक– अक्टूबर 03 ,2026

उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 के सम्बन्ध में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा सूचना/विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02/2025, दिनांक 18–11–2025 प्रकाशित करते हुए प्रदेश के समस्त जनपदों के होमगार्ड्स के कुल 41,424 रिक्त पदों पर जनपदवार रिक्ति के सापेक्ष एनरोलमेंट हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमत्रित किये गये थे।

2– इस एनरोलमेंट की विज्ञप्ति दिनांकित 18–11–2025 के अनुक्रम में कुल 25,32,196 ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुए। एनरोलमेंट प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रदेश के 74 जनपदों में लिखित परीक्षा दिनांक 25, 26 तथा 27 अप्रैल, 2026 को कुल 06 पालियों में आयोजित की गयी।

3– उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 की लिखित परीक्षा 06 पालियों में आयोजित किये जाने के कारण संगत शासनादेश के प्रावधानों व विज्ञप्ति दिनांकित 18–11–2025 में उल्लिखित प्रक्रिया के क्रम में प्राप्तांकों का प्रसामान्यीकरण (Normalization) करते हुये सम्बन्धित अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र के साथ संलग्न अधिमानी अर्हता/अर्हताओं से सम्बन्धित अभिलेखों के आधार पर निर्धारित अंक जोड़ते हुये कुल अंकों की श्रेष्ठता एवं उ0प्र0 राज्य के आरक्षण के सुसंगत प्रावधानों के आधार पर श्रेष्ठता सूची तैयार कर सूचना/विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02/2025, दिनांक 28–06–2026 द्वारा जनपदवार/श्रेणीवार विज्ञापित पदों के सापेक्ष कुल 1,07,221 (लगभग 2.6 गुना) अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु दिनांक 13–07–2026 से 07–08–2026 तक आहूत करते हुए अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही पूर्ण की गयी।

4– अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण में सफल अभ्यर्थियों को बोर्ड की सूचना/विज्ञप्ति दिनांकित 18–11–2025 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार अर्हकारी प्रकृति की शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 15–09–2026 से 26–09–2026 तक सम्पन्न करायी गयी।

5– उक्त लिखित परीक्षा, अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा में कुल प्राप्त प्रसामान्यीकृत अंकों (Normalised Score) एवं सम्बन्धित अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र के साथ संलग्न अधिमानी अर्हता/अर्हताओं से सम्बन्धित अभिलेखों के आधार पर प्राप्त अंक जोड़ते हुये उ0प्र0 शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत आरक्षण नीति के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार जनपदवार श्रेष्ठताक्रम (Merit) के आधार पर विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है।

6– उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्याः 60/2025/1780/पन्चानबे–2025–08प्रकीर्ण/2012 दिनांक 03–11–2025 में निर्धारित **"उत्तर प्रदेश राज्य होमगार्ड्स एनरोलमेंट मार्गदर्शिका"** में दी गयी व्यवस्था के अनुसार दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा समान अंक प्राप्त करने की स्थिति में उनकी जनपदवार श्रेष्ठता का विनिश्चय टाई ब्रेक के नियमों के अन्तर्गत अधिक आयु व हाईस्कूल प्रमाण पत्र में उल्लिखित उनके नाम के प्रथम (अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार) अक्षर के क्रम में किया गया है।

7– प्रदेश के 75 जनपदों के कुल 41,424 रिक्त पदों के सापेक्ष 41,424 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

8– उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) (संशोधन) अधिनियम, 2007 की धारा–2(3) में वर्णित प्रावधानों के अनुक्रम में इस चयन परिणाम में जनपदवार अनुसूचित जनजाति के रिक्ति के सापेक्ष 50 जनपदों के कुल 439 अभ्यर्थियों का चयन अनुसूचित जाति श्रेणी से किया गया है।

9– इस परीक्षा में कुल 8290 महिला अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है।

10– उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट हेतु प्रत्येक जनपद की रिक्ति के सापेक्ष **अन्तिम चयनित अभ्यर्थी का कट ऑफ मार्क्स का विवरण जनपदवार पृथक–पृथक सूची–1 के अंत में उपलब्ध है।**

11– उपरोक्त चयन परिणाम प्रदेश के 75 जनपदों की रिक्तियों के सापेक्ष प्राप्ताकों की श्रेष्ठता के क्रम में चयनित अभ्यर्थियों की जनपदवार सूची भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से प्रदर्शित की जा रही है।

उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट की प्रदर्शित की जा रही जनपदवार सूचियॉ

सूची–1 उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर कुल चयनित अभ्यर्थियों की सूची कट ऑफ मार्क्स सहित।

सूची–2 अनारक्षित श्रेणी के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।

सूची–3 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।

सूची–4 अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।

सूची–5 अनुसूचित जाति के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।

सूची–6 अनुसूचित जनजाति के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।

12– यह चयन परिणाम भर्ती बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर प्रदर्शित किया जा रहा है। अभ्यर्थीगण अपना रिजल्ट, रजिस्ट्रेशन नम्बर व जन्म तिथि अंकित (Submit) कर देख सकते है।

13– यह चयन परिणाम नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा कराये जाने वाले अभ्यर्थी के स्वास्थ्य परीक्षण और उसके शैक्षिक योग्यता, अधिमानी अर्हता प्रमाण–पत्रों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों व चरित्र सत्यापन में उपयुक्तता के अधीन होगा।

14– चयन परिणाम के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को सूच्य है कि यद्यपि इसे तैयार करने एवं वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये भर्ती बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

15– लिखित परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उनके प्रसामान्यीकृत अंक (Normalised Score) एवं सम्बन्धित अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र के साथ संलग्न अधिमानी अर्हता/अर्हताओं से सम्बन्धित अभिलेखों के आधार पर प्राप्त अंक जोड़ते हुये कुल प्राप्तांक भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर अक्टूबर माह के अन्तिम सप्ताह में लिंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त प्राप्तांक देखने हेतु अभ्यर्थी द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के सम्बन्ध में अलग से विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी।

16– इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही सूचनाओं के सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई प्रार्थना–पत्र स्वीकार नही किये जायेंगे और न ही उन पर भर्ती बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

अपर सचिव (भर्ती)/परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।